**विधान परिषद के द्वितीय सत्र-2022 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री श्रीचन्द शर्मा, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूँछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-2 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 2 | (क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-प्रतापगढ़, ब्लाक-सण्डवा चन्द्रिका क्षेत्रान्तर्गत गौराडाढ़ से प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक उ0प्र0 परिवहन की बस सेवा का संचालन हो रहा है ? | जी नहीं। |
| | (ख) यदि नहीं, तो क्या जनहित को देखते हुए गौराडाढ़ से प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज तक मा0 उच्च न्यायालय में वादकारियों की सुविधा हेतु प्रात: कालीन तथा प्रयागराज से गौरागढ़ तक सॉंयकालीन परिवहन निगम की बस सेवा का संचालन करायेंगे ? | वर्तमान में उदयपुर से प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज के लिये एक सेवा संचालित है। प्रतापगढ़ से उदयपुर जाने में छतरपुर नामक स्थान के कट से गौराडाढ़ 04 किमी0 पर लिंक मार्ग से जुड़ा हुआ है। जहॉ पर यात्री अपने निजी साधन/छोटे वाहनों यथा-टैम्पों, मिनी बस के माध्यम से पहुँचते है। यह सेवा उदयपुर से सुबह 7:20 बजे प्रस्थान कर प्रतापगढ़ होते हुए प्रयागराज 11:30 बजे पहूँच रही है तथा वापसी में प्रयागराज से 13:00 बजे प्रस्थान कर प्रतापगढ़ होते हुए उदयपुर 19:00 बजे पहुँचती है। |
| | (ग) यदि हॉं, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |

दयाशंकर सिंह
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
परिवहन विभाग।